निर्णय | ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित, कलेक्टर को सौपा मांग पत्र

# डीएमएफ फंड से बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा



**सिहोरा, नवभारत।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोसलपुर एवं कछपुरा के सरपंचों ने ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों के आधार पर जिला खनिज प्रतिष्ठान डीएमएफ निधि से विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति देने की मांग की है। इस संबंध में सोमवार को जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह सहित जिला खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौपा इसमें जल संकट से निपटने के समाधान के लिए खदानों से निकलने वाले पानी का जल शोधन संयंत्र के माध्यम से शुद्ध कर आपूर्ति करने की बात की गई है।

इसके साथ यह भी निर्णय लिया गया कि पांच किलोमीटर की जीआई पाइप लाइन विस्तार 7.50 एचपी सोलर पंप पेयजल आपूर्ति हेतु दो टैंकर वाहन मुक्तिधाम का सौंदर्यकरण शव वाहन सहित लगभग दस जनता से जुड़ी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

### लंबे अर्से से डीएमएफ की राशि का उपयोग नहीं हो रहा

गौरतलब है कि सिहोरा तहसील के गोसलपुर क्षेत्र में दर्जनों अयस्क की खदानें संचालित हैं जिससे शासन को भारी भरकम डीएमएफ के खाते में रॉयल्टी प्राप्त होती है, परंतु बड़े लंबे समय से गोसलपुर क्षेत्र में डीएमएफ की राशि का उपयोग नहीं हो रहा है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का हो विस्तार

ज्ञापन में शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय कन्या विद्यालय गोसलपुर में मिनी प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी, हायर सेकेंडरी स्कूल में कंप्यूटर लैब और प्रयोगशाला कक्ष तथा बाउंड्रीवॉल निर्माण का प्रस्ताव भी सौँपा गया है इस मौके पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह समेत जिला खनिज अधिकारी ए.के. राय ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि जल्द होने वाली डीएमएफ की बैठक में उक्त मांगों के प्रस्ताव रखकर प्राथमिकता से मंजूरी दी जावेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल सरपंच देवेंद्र पटेल जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत सुरेन्द्र श्रीवास पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष रवि सिंह रवि तिवारी, जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी, ब्राह्मण सभा के रवि तिवारी, शंकर सोनी, विजय पटेल, सचिन विश्वकर्मा, शिवघाट मंदिर समिति के उपेंद्र चौबे सहित अनेक लोग शामिल रहे।



# उत्साह के साथ सफाई अभियान में भाग ले रहे लोग

▶ 15 हफ्ते से निरंतर चल रहा सफाई अभियान, एकजुटता की देखने मिल रही अनोखी मिसाल

**सिहोरा, नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं नगर की अनेक समितियों और सामाजिक संगठनों समाजसेवियों के सामूहिक प्रयास एवं एकजुटता से सिहोरा तहसील स्थित गोसलपुर कस्बे के रामसागर जलाशय में पिछले 15 हफ्ते से प्रदेश की सरकार द्वारा चलाए जा रहे चल गंगा संवर्धन अभियान को चरितार्थ करते हुए इसे धरातल पर उतारने, आम जनमानस को जल के महत्व को व प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण संवर्धन की मूल भावना से प्रेरित होकर पिछले 15 हफ्ते से रामसागर तालाब के घाटों की सफाई की जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में लोग पूरे उत्साह जीवटता के साथ इस कार्य को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

बीते रविवार को सफाई अभियान के बाद तालाब के घाटों में हवन पूजन सामग्री विसर्जित करने के लिए जन सहयोग से लोहे के बॉक्स रखवाये गये, बारिश के पूर्व छायादार फलदार वृक्षों को लगाने की योजना बनाई गई सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर सफाई अभियान में लगे सभी श्रमवीरों की जहां एक ओर प्रशंसा की वहीं उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण संवर्धन करना हम सबका दायित्व है अगर प्राचीन जीवंत जल स्त्रोतों को इसी तरह सामूहिक सहभागिता और एकजुटता श्रमदान से संरक्षित कर लिया गया तो यह आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ी पूंजी होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनसेवा समिति, सर्व ब्राह्मण सभा चक्रवर्ती जन कल्याण महासंघ, स्वाभिमान संत रविदास समिति सकल, जैन समाज, मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारी एवं युवाओं की टोली खिलाड़ियों की टीम, आरएसएस के स्वयंसेवक, शिक्षक सचिव के साथ ग्राम पंचायत गोसलपुर के पंचगण समाजसेवी शामिल रहे।



# डॉक्टर्स डे पर सिविल अस्पताल में रोपा गया पौधा

**सिहोरा, नवभारत।** डॉक्टरों के समर्पण और सेवा भावना को समर्पित डॉक्टर दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल सिहोरा में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर राघवेंद्र त्रिपाठी एवं डॉक्टर आशुतोष उपाध्याय, डॉक्टर सुनील लटियार, डॉक्टर हृदेश पांडे, डॉक्टर अंसारी द्वारा अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि आशीष सरदार द्वारा वृक्षारोपण कार्य एवं शुभ मोटर्स से अतुल लखेरा के द्वारा केक काटकर स्वागत किया गया। आयोजन में अस्पताल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों की भी सहभागिता रही। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# केक काटने के बजाय स्कूल परिसर में किया गया पौधों का रोपण

शाउमावि पोंडा में शिक्षक नरेंद्र खम्परिया का जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण को समर्पित



**मझौली/पोंडा, नवभारत।** आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती एक अनूठी और अनुकरणीय पहल देखने को मिली। विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक नरेंद्र खम्परिया का जन्मदिन बेहद सादगी और उद्देश्यपूर्ण तरीके से शाला परिसर में लगभग 20 पौधों का रोपण कर मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य हेलेन डिसूजा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने श्री खम्परिया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस रचनात्मक पहल की सराहना की। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक साथियों और विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह के साथ श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश पांडे, राजेश पटेल, सतीश सोनी, आनंद पटेल, राजीव मिश्रा, सत्यप्रकाश मार्को, स्नेहलता तंतुवाय, ज्योत्सना मिश्रा, नीलम नेमा, अर्चना रैकवार के साथ बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### जन अभियान परिषद का रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम में लगाए गए पौधों की व्यवस्था मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था 'गुरजी' एवं परामर्शदाता नीरज दुबे द्वारा की गई। संस्था और विद्यालय परिवार द्वारा इन पौधों की सुरक्षा और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों पर केक काटने या फिजूलखर्ची करने के बजाय पौधारोपण करना समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतरीन मिसाल है। विद्यालय परिवार की इस पर्यावरण-हितैषी पहल की पूरे क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

# माता महाकाली मंदिर खितौला में यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित

▶ ब्राह्मण समाज सिहोरा का 14वां आयोजन

**सिहोरा, नवभारत।** नगर के माता महाकाली मंदिर खितौला में ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा आयोजित चौदहवें वार्षिक सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन गुरुदेव सुरेन्द्र दास महाराज के सानिध्य में श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के साथ किया गया।

इस अवसर पर 23 ब्राह्मण बटुकों ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवीत धारण कर द्विजत्व संस्कार ग्रहण किया। आयोजन में सिहोरा सहित जबलपुर, कटनी, गोसलपुर, पनागर एवं बहोरीबंद से आए बटुकों ने सहभागिता कर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। गुरुदेव सुरेन्द्र दास ने वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञोपवीत संस्कार कराते हुए उपस्थित बटुकों एवं उनके अभिभावकों को उपनयन संस्कार की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत केवल शरीर पर धारण किया जाने वाला पवित्र सूत्र नहीं, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन, संयम, सेवा, सदाचार और आध्यात्मिक जीवन का प्रतीक है। यह संस्कार बालक के ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश तथा अध्ययन, आत्मसंयम और राष्ट्र व समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प दिलाता है।

### माता-पिता का सम्मान करने का लिया संकल्प

संस्कार के दौरान सभी बटुकों ने वैदिक मंत्रों के साथ माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा, प्रतिदिन संध्यावंदन एवं गायत्री मंत्र का जप करने, सदाचारपूर्ण जीवन जीने, विद्या अर्जित करने, समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहने तथा अपने आचरण से सनातन संस्कृति की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। गुरुदेव ने कहा कि यज्ञोपवीत धारण करने के साथ ही प्रत्येक बटुक का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में संयम, विनम्रता, सेवा,स्वाध्याय और आध्यात्मिक साधना को स्थान दे।

### बटुकों ने सात घरों में जाकर मांगी भिक्षा

कार्यक्रम के समापन पर सनातन परंपरा के अनुसार सभी नवदीक्षित बटुकों ने सात घरों में भिक्षाटन कर यज्ञोपवीत संस्कार की पूर्णाहुति की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक प्रकाश पाण्डेय,अश्वनी कुमार पाठक,अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेंद्र त्रिपाठी, अनिरुद्ध त्रिवेदी, विनीत मिश्रा, रवि दुबे, राजेंद्र दुबे, नवनीत शुक्ला, नारायण तिवारी सहित अनेक समाज के सदस्यों का योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण बालकों के परिजन एंव रिस्तेदार उपस्थित थे।

### विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन आज

**नौरोजाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सड़क, नाली, आवास, वृद्धा पेंशन, बेरोजगारी, महगाई, खाद बीज, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि मुद्दों को लेकर आज गुरुवार को नौरोज़बाद 5 नम्बर कालोनी पानी टंकी के पास 10 बजे धरना प्रदर्शन एवं विशाल आम सभा का आयोजन किया गया है। उसके उपरांत एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी सम्मानित जनों, जिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडलम कांग्रेस कमेटी, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक यूनियन, अल्पसंख्यक, पंच सरपंच वर्तमान एवं पूर्व पार्षद अध्यक्ष, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, आवश्यक रूप से पहुंचकर कार्यक्रम को बनाने की अपील की गई है।

# जीआरपी ने पकड़ा शातिर बाइक चोर




**जबलपुर, नवभारत।** शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर भावना मरावी, उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी के मार्गदर्शन में जीआरपी चौकी सतना पुलिस द्वारा मोटर साइकिल लूटने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटर साइकिल रेलवे कॉलोनी से बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

जीआरपी के मुताबिक फरियादी आकाश चौधरी निवासी बगहा ने मालगोदाम ऑफिस के सामने से अपनी मोटर साइकिल स्प्लेंडर एमपी 19 जेडडी 4967 को एक अज्ञात लड़के द्वारा जबरदस्ती छीनकर भागने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर चौकी में मामला पंजीबद्ध किया गया था। जिसके बाद उक्त शातिर चोर को जीआरपी ने पकड़ा है।



# घायल यात्री को समय पर मिला उपचार

**जबलपुर, नवभारत।** बुधवार को दानापुर से बेंगलुरु जा रही 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस से मैहर स्टेशन से प्रस्थान करने के उपरांत अमदरा स्टेशन की ओर जाते समय एक यात्री चलती ट्रेन के प्रवेश द्वार पर बैठा हुआ था।

इसी दौरान असावधानीवश उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गया। दुर्घटना में यात्री के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना प्राप्त होते ही जबलपुर मंडल के अमदरा स्टेशन के स्टेशन मास्टर ने तत्काल कटनी के उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) सुरजीत आचार्य को अवगत कराया। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना विलंब किए सफाई मित्रों को घटनास्थल पर भेजा तथा 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। रेलवे कर्मचारियों द्वारा घायल यात्री को प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराते हुए तत्काल कटनी जिला चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) उपचार हेतु भेजा गया।

# टाइगर रिजर्व में इस साल पहुंचे लगभग 2 लाख पर्यटक

▶ 19 करोड़ की हुई आय; पिछले साल से 30 हजार ज्यादा टूरिस्ट ने किया विजिट

**चिल्हारी नवभारत 1 जुलाई।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इस पर्यटन सत्र के दौरान रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे। इस साल दो लाख से अधिक पर्यटकों ने रिजर्व का भ्रमण किया, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 30 हजार अधिक है। पर्यटन गतिविधियों से इस सत्र में 19 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब तीन करोड़ रुपए ज्यादा बताया गया है। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार मंगलवार शाम इस पर्यटन सत्र की अंतिम सफारी हुई। इसके बाद 1 जुलाई से 30 सितंबर तक मानसून सीजन के कारण कोर एरिया पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। इस सत्र में पर्यटकों को बाघों के साथ-साथ तेंदुआ, भालू, जंगली हाथी, गौर, चीतल और सांभर जैसे वन्यजीवों के भी दर्शन हुए। बेहतर वन्यजीव दृश्य और प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-हुए नही बल्कि विदेशों में भी अपना नाम एवं छवि बनाई हैं।





### राष्ट्रीय स्तर पर डिंडौरी की शाला का चयन

**शहपुरा नवभारत।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में मध्यप्रदेश के 10 विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है, जिसमें डिंडौरी जिले के विकासखंड शहपुरा स्थित शासकीय आश्रम शाला अंग्रेजी माध्यम को स्थान मिला है। यह जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विद्यालय ने स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और हरित परिसर निर्माण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारी ने बताया कि चयनित विद्यालय को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने इस उपलब्धि पर विद्यालय, शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

उदासीनता | अव्यवस्थाओं के बीच नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ, 2 माध्यमिक शाला भवनों की स्थिति है जर्जर

# जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में 37 शाला भवन विहीन









**अमरपुर नवभारत 1 जुलाई।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत 35 प्राथमिक शाला भवन एवं 2 माध्यमिक शाला भवन की स्थिति जीर्ण शीर्ण होने की स्थिति में 37 शाला भवन शासन के निर्देशानुसार जमींदोज कराए जा चुके हैं।

यह एक अच्छी पहल भी मानी जा सकती हैं कि कोई अनहोनी पूर्व यह कदम उठाया गया। परंतु व्यवस्था के तहत नए भवन निर्माण के लिए सोचा भी नहीं गया। पूरे जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में 5 प्राथमिक शाला एवं 2 माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन हैं, वहीं 67 प्राथमिक शाला और 6 माध्यमिक शाला एक शिक्षकीय हैं। ऐसी अव्यवस्थाओं के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ हो चुका हैं।

### छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं हैं

शासन के निर्देश के तहत भारी तामझाम के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में प्रवेश उत्सव का आयोजन कर छात्रों को प्रवेश तो दिया जा रहा हैं, परंतु कहीं छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं हैं तो कहीं पर छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। इसके साथ ही कुछ एकल शिक्षकीय शाला भी हैं।

### कुछ शालाओं के छत से टपकता है पानी

ऐसी स्थिति में एक अकेला शिक्षक छात्रों को सिर्फ शाला में बैठाकर औपचारिकता के तौर पर पढ़ने को कह सकता हैं। अकेला शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को सभी विषय तो पढ़ा सकता नहीं हैं। मध्यान्ह भोजन कराना और बैठना तो पडेगा फिर कुछ शाला भवन ऐसे भी हैं, जहां पर बारिश के मौसम में छत का पानी बाहर नहीं कक्षाओं के अंदर ही गिरता हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।